ओम शान्ति शिवबाबा याद हैं?

# Hindi Murli Quiz 07-01-2015

**आज के पासिंग मार्क्स - 60%**

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज के लिए यहाँ क्लिक करें |

**Q.1) आज की धारणा के लिए मुख्य सार चुनें ?**

**(उत्तर एक या एक से ज्यादा भी हो सकते हैं)**

**A.** अगर विनाशी धन है तो उसको सफल करने के लिए अलौकिक सेवा में लगाना है |
**B.** अविनाशी धन का दान भी जरूर करना है ।
**C.** अपने पोतामेल में देखना है कि हमारी अवस्था कैसी है?
**D.** सारे दिन में कोई खराब काम तो नहीं होते है? एक-दो को दु :ख तो नहीं देते हैं?

**Q.2) आज की मुरली के अनुसार सबसे बड़ा पाप कौन सा है ?(एक ही उत्तर सही है )**

**A.** विकारी बनना
**B.** किसी पर भी बुरी दृष्टि रखना
**C.** काम
**D.** क्रोध

**Q.3) आज की मुरली में कौन सा गीत बजा है?**

**A.** दिल का सहारा टूट न जाए
**B.** छोड़ भी दे आकाश सिंहासन
**C.** मुखड़ा देख ले प्राणी
**D.** तू प्यार का सागर है

**Q.4) रूहानियत की स्थिति द्वारा व्यर्थ बातों के स्टॉक को समाप्त करो, नहीं तो एक दो के अवगुणों का वर्णन करते बीमारी के जर्मस वायुमण्डल में फैलाते रहेंगे, इससे वातावरण पावरफुल नहीं बनेगा । आपके पास अनेक भावों से अनेक आत्मायें आयेंगी लेकिन आपकी तरफ से शुभ भावना की बातें ही ले जाएँ । यह तब होगा जब स्वयं के पास ख़ुशी की बातों का स्टॉक जमा होगा । यदि दिल में किसी के प्रति कोई व्यर्थ बातें होगी तो जहाँ बातें है वहाँ बाप नहीं, पाप है ।**

**A.** True / ये वाक्य सही है
**B.** False / ये वाक्य गलत है

**Q.5) शब्दों को अर्थों के अनुसार जोडें --**

| | Choice | Match |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| A | रोज | पोतामेल |
| B | विनाश का समय | पढाई पूरी |
| C | माया के तूफान तो भल आये | कर्मेन्द्रियों से कोई विकर्म नहीं करना है । |
| D | कोई तरफ कुदृष्टि जाये | उसके आगे खडा भी नहीं होना चाहिए |
| E | विकार की दृष्टि | बन्दर |
| F | पर्चे | कोई को भी दे सकें |
| G | दुख देना | गाज़ी |
| H | प्यार से बोलो | बाप को याद करना है और पवित्र बनना है |

**Q.6) आज बाबा ने किन बच्चों को सौतेला कहा ?(एक ही उत्तर सही है )**

A. जो विकार में गिर जाते हैं |
B. जिनका बाप के साथ लव नहीं है |
C. जो बाप को फारकती दे देते हैं |
D. जो बाप की मत पर पूरा नहीं चलते हैं ।

**Q.7) तीर्थों आदि पर मनुष्य जाते है, कितने धक्के खाते हैं । आर्य समाजी आदि भी ट्रेन भरकर जाते है । इसको कहा जाता है धर्म के धक्के |**

A. True / ये वाक्य सही है
B. False / ये वाक्य गलत है

Explanation : वास्तव में हैं अधर्म के धक्के । धर्म में तो धक्के खाने की दरकार नहीं है ।

**Q.8) आज बाबा ने कहा - अब जज करो .....| क्या जज करना है ?(आज की मुरली के अनुसार एक उत्तर चुनें )**

A. ईश्वर और भक्ति मार्ग के शास्त्रों में कौन सही है |
B. तुम कितने पतित विकारी बन गए हो |
C. यह नर्क है के नहीं |
D. तुम इन लक्ष्मी नारायण के आगे क्या गाते थे ?

**Q.9) रावण सम्प्रदाय तो बहुत है, तुम तो बहुत थोडे हो । उनमें भी नम्बरवार है । तुम्हें रावण सम्प्रदाय का नहीं कहेंगे , तुम हो ही ईश्वरीय सम्प्रदाय के |**

A. True
B. False

Explanation : रावण सम्प्रदाय तो बहुत है, तुम तो बहुत थोडे हो । उनमें भी नम्बरवार है । अगर कोई कुदृष्टि है, तो भी उनको रावण सम्प्रदाय कहा जायेगा ।

**Q.10) आज की मुरली के अनुसार इनमें से सही वाक्यों को चुनें | (उत्तर एक से अधिक भी हो सकते हैं )**

A. पतित को दान करने से उसमें भी पावन संस्कार भरते जाते हैं |
B. यह त्रिमूर्ति का चित्र तो बहुत अच्छी चीज है । इसमें शिव बाबा भी है तो विष्णु भी है |
C. परमात्मा प्रजापिता ब्रहमाकुमार-कुमारियो द्वारा फिर से भारत में १०० परसेन्ट पवित्रता-सुख-शान्ति का दैवी स्वराज्य स्थापन कर रहे हैं | यह बातें बड़ी ही गुप्त रखने की हैं |
D. यह मुखडा तुम्हारे सिवाए तो कोई देख नहीं सकते हैं । भगवान को भी तुम दिखला सकते

हो।

**Explanation :** विनाशी धन है तो अलौकिक सेवा में लगाते जाओ। पतित को दान करने से पतित ही बन जाते हो। यह त्रिमूर्ति का चित्र तो बहुत अच्छी चीज है। इसमें शिवबाबा भी है, फिर प्रजापिता ब्रह्मा भी है। प्रजापिता ब्रह्माकुमार-कुमारियो द्वारा फिर से भारत में 1०० परसेन्ट पवित्रता-सुख-शान्ति का दैवी स्वराज्य स्थापन कर रहे हैं। बाकी अनेक धर्म इस महाभारत लड़ाई से कल्प पहले मुआफिक विनाश हो जायेंगे। ऐसे-ऐसे पर्चे छपवाकर बाटने चाहिए।